## कार्यालय ज्ञाप

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा प्रा0सहा0 ग्रुप–सी (अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग–3) परीक्षा–2018 के आधार पर चयनित/संस्तुति अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु आयोग के पत्र सं0–1397/7/गोपन/01/2019/2021 दिनांक 29–06–2021, पत्र सं0–1536/07/गोपन/01/2019/2021 दिनांक 12–10–2021, पत्र सं0–119ए/07/गोपन/01/2019/2022 दिनांक 22–04–2022 एवं पत्र सं0–613/07/गोपन/01/2019/2023 दिनांक 06–02–2023 के द्वारा सूची विभाग को प्रेषित की गयी।

आयोग से प्राविधिक सहायक ग्रुप–सी के पद पर उक्त चयनित/संस्तुत अभ्यर्थियों की नियुक्ति की कार्यवाही एन0आई0सी0 द्वारा विकसित साफ्टवेयर के माध्यम से पारदर्शी व वस्तुनिष्ठ तरीके से जनपद आवंटन की कार्यवाही माह अक्टूबर, 2021 में करते हुए नियुक्ति पत्र निर्गत किये गये तथा आयोग से इसके बाद प्राप्त संस्तुतियों के क्रम में चयनित अभ्यर्थियों को ऑफलाइन के माध्यम से जनपद आवंटन की कार्यवाही करते हुए नियुक्ति प्रदान की गयी।

अधीनस्थ कृषि सेवा नियमावली–1993 यथासंशोधित–2019 के प्राविधानान्तर्गत सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति को 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखे जाने, तत्पश्चात् संतोषजनक सेवा के आधार पर उत्तर प्रदेश शासन, कार्मिक अनुभाग–4 की अधिसूचना संख्या–1648/47–का– 4–90–48–79 दिनांक 07–02–1991 द्वारा जारी सरकारी सेवकों की स्थाईकरण नियमावली–1991 के प्राविधानान्तर्गत सेवा में स्थायीकरण किये जाने की व्यवस्था है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि प्राविधिक सहायक ग्रुप–सी के पद पर अक्टूबर, 2021 एवं इसके पश्चात् नियुक्त कार्मिक, जिनकी 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूर्ण हो चुकी है, का नियमानुसार स्थायीकरण करना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 जितेन्द्र कुमार तोमर)
कृषि निदेशक, उ0प्र0।

**कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश**
**(ए0सी0 अनुभाग)**

पत्रांक–ए0सी0 (173)/ 163 /नियु0 ग्रुप–सी/कोर्ट केस/2019–20, दिनांक 07 मई, 2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त कार्यवाही करते हुए सूचना चयन क्रमांक एवं ehrms code सहित निदेशालय को उपलब्ध करायें:–

1– निदेशक, राज्य कृषि प्रबन्धन संस्थान, उ0प्र0, रहमानखेड़ा, लखनऊ।
2– समस्त अपर कृषि निदेशक, उ0प्र0 कृषि भवन, लखनऊ।
3– समस्त संयुक्त कृषि निदेशक, उ0प्र0।
4– समस्त उप कृषि निदेशक, उ0प्र0।
5– समस्त उप कृषि निदेशक कम प्रभारी अधिकारी, सम्भागीय कृषि परीक्षण प्रदर्शन केन्द्र, उ0प्र0।
6– समस्त उप कृषि निदेशक (भू0सं0)/(कृ0र0), उ0प्र0।
7– समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी, उ0प्र0।
8– समस्त जिला कृषि अधिकारी, उ0प्र0।
9– समस्त कृषि रक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
10– समस्त प्रधानाचार्य राजकीय कृषि विद्यालय, बुलन्दशहर, गोरखपुर, चिरगांव एवं झांसी।
11– समस्त सहायक मृदा सर्वेक्षण अधिकारी, उ0प्र0।
12– समस्त प्रभारी अधिकारी, आई0पी0एम0 लैब, उ0प्र0।
13– समस्त सहायक निदेशक (मृदा परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र) उ0प्र0।
14– समस्त प्रशासनिक अधिकारी, कृषि भवन, लखनऊ।
15– सहायक निदेशक (समन्वय एवं कम्प्यूटर) उ0प्र0, कृषि भवन, लखनऊ को इस आशय से कि विभागीय वेबसाइड पर अपलोड करायें।

अपर निदेशक (प्रशासन)
उत्तर प्रदेश।